पंजाब केसरी
18-09-2025

# विद्यार्थियों ने नगरपरिषद के सहयोग से चलाया स्वच्छता अभियान



नगरपरिषद के सहयोग से अम्बाला छावनी में स्वच्छता अभियान चलाते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 17 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की यूथ रैडक्रॉस एवं एन.एस.एस. इकाइयों के विद्यार्थियों ने अम्बाला छावनी नगरपरिषद के सहयोग से बुधवार को इंदिरा पार्क के निकट स्वच्छता अभियान चलाया। यूथ रैडक्रॉस प्रभारी डा. राकेश कुमार एवं एन.एस.एस. प्रभारी डा. पिंकी गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।